# कार्यालय प्रिन्टर टोनर रिफिलिंग कार्य हेतु सीमित निविदा की शर्तें

1. निविदा सूचना में प्रकाशित शर्ते एवं सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम में उल्लेखित नियम–68 की शर्तें व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 की शर्तें इस निविदा का भाग मानी जाएगी। रीफिलिंग कार्य आर.एम.एस.सी, जयपुर मुख्यालय पर की जाएगी।
2. मूल निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न **प्रपत्र 'अ'** में कार्यालय प्रिन्टर टोनर रिफिलिंग कार्य हेतु निविदादाता अपनी दरें दर्शाएँ। निगम के प्रपत्र के अतिरिक्त किसी अन्य दस्तावेज पर दी गई दरें मान्य नहीं होगी।
3. निविदा मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जाएगी जिस पर **प्रिण्टर रीफिलिंग कार्य** के लिए निविदा **अंकित होना** चाहिए। उक्त कार्य के लिए सूचना प्राप्त होने के एक दिवस अर्थात 24 घण्टे में रीफिलिंग कार्य निगम मुख्यालय के विभिन्न अनुभागों में करना होगा।
4. फर्म द्वारा प्रस्तुत बिलों (जो कि वर्तमान में लागू GST प्रावधान के अन्तर्गत तैयार किए गए हो) का भुगतान निगम द्वारा रीफिलिंग कार्य संतोषप्रद होने की पुष्टि संबंधित शाखा प्रभारी द्वारा प्रस्तुत करने पर किया जाएगा। निगम द्वारा फर्म को भुगतान RTGS/NEFT के द्वारा किया जाएगा। इस हेतु निविदादाता को अपने बैंक खाते का विवरण निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करना होगा।
5. निविदादाता को किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्यादेश संतोषप्रद रूप से पूर्ण होने, एवं निगम में स्वीकार करने के बाद ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी।
6. निविदादाता निविदा कार्य तथा शर्तों के प्रत्येक पृष्ठ पर मुहर सहित हस्ताक्षर करेगा तथा निविदा के अंतिम पृष्ठ पर सभी शर्तो को सम्पूर्ण रूप में स्वीकार करने की सहमति देते हुए अलग से हस्ताक्षर करेगा।
7. निविदा प्रपत्र में किसी प्रकार की कॉंट छॉंट व ओवर राईटिंग नहीं होनी चाहिए। कॉंट छॉंट/ओवर राईटिंग होने पर निविदा रद्द की जा सकेगी।
8. किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन, जयपुर को होगा।
9. निर्धारित समय में कार्य सम्पन्न नहीं करने पर राज्य सरकार के सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों व राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 के अनुसार परिसमापित नुकसानी (LD) राशि वसूल की जाएगी।
10. **कार्यादेश के अनुसार कार्टेज रीफिलिंग कार्य एक दिवस में करना होगा। आदेश जयपुर स्थित पते पर दिया जाएगा। साथ ही रीफिलिंग हेतु कार्य में लिये जाने वाला पाउडर एवं अन्य आईटम संबंधित प्रिन्टर की कम्पनी के ही होना आवश्यक है।**
11. सफल निविदादाता के पूर्ण रूप से अथवा आंशिक रूप से कार्टेज रीफिलिंग कार्य करने मे असफल रहने पर अथवा कार्य संतोषजनक नहीं करने पर प्रबन्ध निदेशक, आर.एम.एस.सी जयपुर को यह अधिकार होगा कि अनुमोदित फर्म के हर्जे खर्चे पर पेनल्टी सहित अन्य व्यवस्था द्वारा आदेशित कार्य क्रय अन्य फर्म से करा कर सकेंगे।

